

अगर आप जीत भी जाते हैं, तब भी आप जरूरत के हिसाब से कुछ बदलाव करते हैं। हमें एक तेज गेंदबाज की जरूरत पड़ सकती है। एक छोटी नीलामी में आप जरूरत के मुताबिक बदलाव करते हैं। हम अलग नहीं हैं। – आशीष नेहरा

गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच, आईपीएल की तैयारी को लेकर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



## एश्ले बार्टी

रिटायर्ड टेनिस स्टार एश्ले बार्टी को उनके करियर में दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च खेल सम्मान 'द डॉन अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। गुरुवार रात ऑस्ट्रेलिया के वार्षिक हॉल ऑफ फेम खेल सम्मान समारोह में बार्टी को महान खिलाडी डॉन ब्रैडमैन के नाम पर रखा गये 'द डॉन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। वह इस पुरस्कार को एक से ज्यादा बार जीतने वाली तीसरी खिलाड़ी बन गयीं। इस वर्ष में विश्व नंबर वन के रूप में प्रवेश करने वाली बार्टी जनवरी में 1978 के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस का एकल खिताब जीतने वाली पहली घरेलू खिलाड़ी बनी थीं।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैण्ड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

## क्रोएशिया ने पेनल्टी शूटआउट में ब्राजील को हरा सेमीफाइनल में जगह बनाई



अल रैयान, 9 दिसंबर। क्रोएशिया ने शुक्रवार को फीफा विश्व कप 2022 के रोमांचक क्वार्टरफाइनल में पांच बार की चैंपियन ब्राज़ील को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 (1-1) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी।

एजुकेशन सिटी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में आधिकारिक समय तक कोई टीम गोल नहीं कर सकी, जिसके बाद मैच अतिरिक्त समय में चला गया। नेमार (105 1वां मिनट) ने अतिरिक्त समय का पहला गोल करके ब्राज़ील को बढ़त दिला दी, लेकिन ब्रूनो पेटकोविच 116वें मिनट में बॉल को नेट में पहुंचाकर क्रोएशिया को मैच में वापस ले आये।

पेनल्टी शूटआउट में निकोला व्लासिच, लोवरो मेजर, लुका मोड्रिच और मिस्लव ओर्सिच ने क्रोएशिया के लिये गोल किये, जबकि ब्राज़ील की ओर से कासेमीरो और पेड्रो ही गोल कर सके। क्रोएशिया के गोलकीपर डॉमिनिक लिवाकोविच ने शूटआउट में ब्राज़ील के दो प्रयास असफल किये। ब्राज़ील की चौथी पेनल्टी मार्किनोस ने ली, जिनका निशाना चूकने के कारण ब्राज़ील विश्व कप से बाहर हो गयी। सेमीफाइनल में क्रोएशिया का सामना अर्जेंटीना या नीदरलैंड में से किसी एक टीम से होगा।

## गुवाहाटी पहुंची हॉकी विश्व कप ट्रॉफी

गुवाहाटी, 9 दिसम्बर। ओडिशा में होने वाले हाकी विश्वकप से पहले देश के विभिन्न राज्यों से गुजर रही चमचमाती ट्राफी का इस्तकबाल गुरूवार को गुवाहाटी के फुटबाल प्रेमियों ने किया। ट्रॉफी गुरुवार को मणिपुर की राजधानी इंफाल से यहां पहुंची और शहर के खेल प्रेमियों के दर्शनार्थ रखी गयी। इस मौके पर छात्रों की राज्य स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्य सचिव गीतार्थ गोस्वामी और असम हॉकी के महासचिव तपन कुमार दास मौजूद थे। गोल्ड और प्लेटिनम ट्रॉफी की हिफाजत का जिम्मा असम पुलिस के जाबांज कमांडो के पास था। एक हजार से अधिक मोटरसाइकिल सवारों और सैकड़ों वाहन ट्राफी के साथ चल रहे थे। ट्राफी के साथ यह काफिला गौहाटी विश्वविद्यालय से गुजरा जहां छात्रों के साथ-साथ संकाय सदस्यों ने एक जुलूस निकाला। ट्राफी का औपचारिक स्वागत राज्य सरकार की ओर से गणेश मंदिर इंडोर स्टेडियम में किया गया, जिसमें असम के मंत्री जोगेन मोहन और नंदिता गारलोसा और अरुणाचल प्रदेश के मंत्री मामा नटुंग समारोह में शामिल हुए।

## प्रणय ने विश्व चैम्पियनशिप में एक्सेलसेन को हराया

बैकॉक, 9 दिसंबर। खिताब की दौड़ से बाहर हो चुके भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन फाइनल्स के ग्रुप चरण के अपने तीसरे मुकाबले में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन को हारकर अपने अभियान को सकारात्मक तरीके से खत्म किया। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने ग्रुप ए के इस महत्वहीन मैच में ओलंपिक चैंपियनएक्सेलसेन को 51 मिनट तक चले मुकाबले में14-21 21-17 21-18 से शिकस्त दी। प्रणय की डेनमार्क के इस खिलाड़ी के खिलाफ यह दूसरी जीत है। दोनों के बीच हुए सात मुकाबलों में हालांकि एक्सेलसेन ने पांच मैच जीते है। केरल के 30 साल के प्रणय को गुरुवार को ग्रुप के अपने दूसरे मैच में चीन के लु गुआंग जू से 84 मिनट तक चले तीन गेम के मुकाबले में 21-23, 21-17, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। वह टूर्नामेंट में लगातार दूसरी हार के साथ ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गये थे। वह बुधवार को अपने पहले मैच में जापान के कोडाई नाराओका से हार गए थे। प्रत्येक ग्रुप से केवल दो खिलाड़ी ही नॉकआउट चरण में जगह बनाएंगे।

## महिला आईपीएल के मीडिया अधिकारों के लिए बीसीसीआई ने आमंत्रित की निविदा

मुंबई, 9 दिसंबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को महिला इंडियन प्रीमियर लीग (डब्लूआईपीएल) के सत्र 2023 से 2027 तक के मीडिया अधिकारों के लिए निविदा आमंत्रित की। बीसीसीआई ने विज्ञिप्त जारी कर कहा कि महिला आईपीएल के 2023-2027 सत्र के मीडिया अधिकार हासिल करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। पात्रता आवश्यकताओं, बोलियों को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया, प्रस्तावित मीडिया अधिकार पैकेज, और अन्य बातों के अलावा दायित्वों सहित निविदा प्रक्रिया को नियंत्रित करने वाले विस्तृत नियम और शर्तें निविदा के लिये आमंत्रण (आईटीटी) में निहित हैं। आईटीटी पांच लाख रुपये के गैर-वापसी योग्य शुल्क और किसी भी लागू जीएसटी के भुगतान की प्राप्ति पर उपलब्ध कराया जाएगा। आईटीटी 31 दिसंबर तक खरीदारी के लिए उपलब्ध रहेगा। इच्छुक पार्टियां प्रक्रिया के अनुसार आईटीटी की खरीद के लिए किए गए भुगतान के विवरण को डब्लूआईपीएल.मीडियाराइट्सबीसीसीआई.टीवी पर ईमेल करें। बोली जमा करने की इच्छा रखने वाली किसी भी इच्छुक पार्टी को आईटीटी खरीदना आवश्यक है।

## द. अफ्रीका की मिगनॉन डू प्रीज ने लिया अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

केपटाउन, 9 दिसंबर। दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की हरफनमौला खिलाड़ी मिगनॉन डू प्रीज ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। डू प्रीज़ ने इससे पहले महिला क्रिकेट विश्व कप, टेस्ट क्रिकेट और एक दिवसीय क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा कर दी थी। शुक्रवार को उन्होने टी20 क्रिकेट से भी अलविदा कहने की घोषणा की। उन्होने कहा कि वह 15 साल से अधिक समय तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय करियर पर पर्दा डाल रही है। 33 साल की मिगनान डु प्रीज़ ने 2007 से 2018 तक क्रिकेट टेस्ट, वनडे और ट्वेंटी 20 के सभी तीन प्रारूपों में दक्षिण अफ्रीका महिला टीम का नेतृत्व किया था। उन्होने अपने 15 साल के करियर में दक्षिण अफ्रीका के लिए 269 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें से अंतिम मैच राष्ट्रमंडल खेलों में खेला गया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया चैनल पर लिखा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के 15 साल बेहतरीन रहे। जितना मैं क्रिकेट से प्यार करती हूं, उससे दूर जाना कभी भी आसान फैसला नहीं होता, लेकिन मैं अपने दिल से जानती हूं कि मेरे लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा करने का सही समय है।

## राष्ट्रीय स्क्वाश चैम्पियनशिप : जोशना चिनप्पा फाइनल में

चेन्नई, 9 दिसंबर। शीर्ष वरीय जोशना चिनप्पा ने शुक्रवार को यहां 78वीं राष्ट्रीय स्क्वाश चैम्पियनशिप के महिला एकल वर्ग में आकांक्षा सौलंके को सीधे गेम में पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। अब 36 वर्षीय जोशना का सामना शनिवार को होने वाले फाइनल में प्रतिभाशाली युवा अनाहत सिंह से होगा जिसमें उनकी निगाहें 19वां राष्ट्रीय खिताब हासिल करने पर लगी होंगी। चौदह वर्षीय अनाहत ने दूसरे सेमीफाइनल में तनिष्का जैन को पराजित किया। विश्व रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी जोशना ने आकांक्षा को 11-9,11-9,11-8 से शिकस्त दी।

## रोनाल्डो और पुर्तगाल की निगाहें मोरक्को का विश्व कप अभियान खत्म करने पर

दोहा, 9 दिसंबर। मोरक्को के लिये फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना एक उपलब्धि से कम नहीं है लेकिन अब पुर्तगाल और इसके सुपरस्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के सामने होना भी उनके लिये अविश्वसनीय ही होगा। रोनाल्डो एक बार फिर एक अलग ही तरीके से सुर्खियों में आ गये हैं। शनिवार को होने वाले इस मुकाबले में हालांकि मोरक्को का ऐतिहासिक सफर खत्म कर अंतिम चार में पहुंचना अहम एजेंडा होगा। लेकिन वह शुरूआती एकादश में होंगे या नहीं? यह बड़ा सवाल बन गया है, मंगलवार को स्विट्जरलैंड पर राउंड 16 में उन्हें शुरूआत नहीं करायी गयी थी जिसमें पुर्तगाल की 6-1 की जीत के बाद यह फैसला करने वाले कोच फर्नांडो सांटोस से बार बार यही सवाल पूछा जा रहा है।

पांच बार के 'वर्ल्ड प्लेयर ऑफ द ईयर' रोनाल्डो को बेंच पर बिठाने के बाद उनकी जगह मैदान पर उतारे गये 21 वर्षीय गोंकालो रामोस द्वारा गोल की हैट्रिक के बाद मोरक्को के खिलाफ चयन वास्तव में दुविधापूर्ण बन गया है। इससे मैच से 90 मिनट पहले पुर्तगाल की शुरूआती एकादश का सभी को बेसब्री से इंतजार होगा क्योंकि रोनाल्डो अपने चमचमाते करियर में दूसरी बार विश्व कप क्वार्टर फाइनल खेलने के लिये बेसब्र होंगे। पुर्तगाल की टीम तीसरी बार ही इस चरण तक पहुंची है।

मोरक्को फुटबॉल के महासमर में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाला चौथा अफ्रीकी देश बना। कैमरून ने 1990 में, सेनेगल ने 2002 और घाना ने 2010 में यह उपलब्धि हासिल की थी। इन तीनों में से कोई भी टीम हालांकि सेमीफाइनल तक नहीं पहुंची थी। मोरक्को की टीम कतर में अंतिम आठ में पहुंचने वाली यूरोप या दक्षिण अमेरिका से बाहर की पहली टीम है।

कतर में और देश में उसके प्रशंसकों ने अंतिम 16 में स्पेन पर पेनल्टी शूटआउट में मिली जीत का जश्न मनाया जिसने उस ग्रुप से यहां तक का सफर किया जिसमें बेल्जियम और 2018 की उप विजेता क्रोएशया जैसी टीमें मौजूद थीं।

फ्रांस में जन्मे वालिद रेग्रागुई उनके कोच हैं और उनके 26 में से 14 खिलाड़ियों का जन्म विदेश में हुआ है। टीम ने केवल एक गोल गंवाया है और वो भी कनाडा के खिलाफ आत्मघाती गोल। हालांकि उसके अच्छे खिलाड़ियों को पुर्तगाल के धुरंधरों के सामने फिटनेस के मामले जूझना पड़ सकता है क्योंकि मिडफील्डर सोफयान अमराबत ने कहा कि वह पीठ की चोट के बावजूद दर्द निवारक इंजेक्शन लेकर स्पेन के खिलाफ मैच में खेलने उतरे थे।

पुर्तगाल को इस तरह की कोई समस्या नहीं है, सांटोस की टीम की गहराई इतनी प्रभावशाली है कि वह स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच में रोनाल्डो, जोओओ कांसेलो और रूबेन नेवेस जैसे कद के खिलाड़ियों को बेंच पर बिठाने के बावजूद जीते जबकि इन खिलाड़ियों ने ग्रुप के हर मैच में शुरूआत की थी।

सांटोस ने कहा कि वह अपनी टीम का चयन प्रतिद्वंद्वी टीम की मजबूती और कमजोरियों को देखते हुए करते हैं। लेकिन अगर वह उस मैच के बाद कोई बदलाव करते हैं जिसने पुर्तगाल को टूर्नामेंट के प्रबल दावेदारों में लाकर खड़ा कर दिया है तो यह हैरानी भरा होगा।

अगर रोनाल्डो फिर से स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरते हैं तो भी उन्हें मैदान में कुछ समय मिलने की उम्मीद है। यह संभवत: उनका अंतिम विश्व कप है। उनके इर्द गिर्द लगातार कोई न कोई ड्रामा बना रहता है और वह कुछ भी हो सुर्खियों में बने रहते हैं।

## बांग्लादेश को 'क्लीन स्वीप' से रोकने उतरेगा भारत

चटगांव, 9 दिसंबर। खिलाड़ियों की चोटों और फिटनेस समस्याओं से परेशान भारतीय टीम शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे में उतरेगी तो उसका लक्ष्य मेजबान टीम को 'क्लीन स्वीप' से रोकने का होगा।

मेहदी हसन मिराज की दो शानदार पारियों के दम पर बांग्लादेश पहले दो मैच और श्रृंखला जीत चुका है लेकिन अब उसका इरादा भारत का सूपड़ा साफ करने का होगा और अगर ऐसा होता है तो बांग्लादेश क्रिकेट के लिये यह ऐतिहासिक होगा।

इससे 14 दिसंबर से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले बांग्लादेश का आत्मविश्वास भी बढेगा। भारत के लिये इस श्रृंखला में 20 क्रिकेटर उपलब्ध थे क्योंकि बांग्लादेश में पहले वनडे और न्यूजीलैंड में आखिरी मैच के बीच कम समय था क्योंकि दोनों टीमों में कुछ खिलाड़ी समान थे। एक सप्ताह के भीतर हालांकि हालात बद से बदतर हो गए और आखिरी मैच के लिये सिर्फ 14 फिट खिलाड़ी उपलब्ध हैं। हालात यह है कि कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को तुरंत यहां बुलाना पड़ा क्योंकि भारतीय गेंदबाजी आक्रमण अनुभवहीन लग रहा था। कुलदीप ने 72 वनडे में 118 विकेट लिये हैं और वह इस टीम के सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं।

नियमित कप्तान रोहित शर्मा के बायें हाथ के अंगूठे की हड्डी खिसक गई है और उदीयमान तेज गेंदबाज कुलदीप सेन को पहला मैच खेलने के बाद चोट लग गई। तेज गेंदबाज दीपक चाहर एक बार फिर अनफिट हो गए हैं।

अक्षर पटेल की पसली में चोट लग गई है और वह पहला मैच नहीं खेल सके जबकि ऋषभ पंत भी चोटिल हैं और उन्हें आराम देना पड़ा था। अब देखना यह है कि कार्यवाहक कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल पारी की शुरूआत करते हैं या ईशान किशन को अंतिम एकादश में सलामी बल्लेबाज के तौर पर शामिल किया जाता है। दूसरा विकल्प विराट कोहली और शिखर धवन से पारी की शुरूआत कराना और हरफनमौला राहुल त्रिपाठी को अंतिम एकादश में शामिल करना होगा। टीम प्रबंधन अगर सिर्फ बल्लेबाज को चुनता है तो रजत पाटीदार को पदार्पण का मौका मिल सकता है।

भारत की गेंदबाजी की कमान मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, उमरान मलिक, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल के हाथ में थी। पहले मैच में खराब गेंदबाजी के चलते भारत को पराजय का सामना करना पड़ा जब बांग्लादेश को 51 रन बनाने थे और उसका एक ही विकेट बाकी था जो भारतीय टीम नहीं ले सकी। दूसरे मैच में बांग्लादेश ने छह विकेट 69 रन पर गिरने के बाद 200 से अधिक रन बना डाले। आखिरी मैच में बांग्लादेश के हौसले बुलंद होंगे। जिम्बाब्वे के खिलाफ श्रृंखला में मिली जीत को छोड़कर केएल राहुल का बतौर कप्तान रिकॉर्ड खराब रहा है और ऐसे में वह 'क्लीन स्वीप' की शर्मिंदगी से बचना चाहेंगे।

## रोहित, कुलदीप, चाहर बांग्लादेश सीरीज से बाहर

मुंबई, 9 दिसंबर। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में क्षेत्ररक्षण के दौरान दूसरे ओवर में ही अंगूठे में चोट लगने के कारण वह बंगलादेश के खिलाफ तीसरे एवं अंतिम मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई ने कहा कि आगामी टेस्ट सीरीज के लिए उनकी उपलब्धता पर फैसला बाद में लिया जाएगा। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने रोहित की जांच की और ढाका के एक स्थानीय अस्पताल में उनका स्कैन किया गया। विशेषज्ञ से परामर्श के लिए वह मुंबई लौट आए गए हैं। उन्होंने कहा कि तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और दीपक चाहर भी चोटिल होने के कारण बंगलादेश सीरीज से बाहर हो गए हैं। कुलदीप ने पहले एकदिवसीय के बाद पीठ में जकड़न की शिकायत की थी। बीसीसीआई ने कहा, मेडिकल टीम ने उनकी जांच की और उन्हें दूसरे एकदिवसीय से आराम करने की सलाह दी गई। कुलदीप को भी चोट लगी है और वह भी सीरीज से बाहर हो गए हैं।

## रोनाल्डो ने विश्व कप छोड़ने की धमकी नहीं दी : पुर्तगाल के कोच

दोहा, 9 दिसंबर। पुर्तगाल के कोच फर्नांडो सैंटोस ने शुक्रवार को कहा कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल मैच के लिए शुरुआती एकादश से टीम से बाहर किए जाने के बाद विश्व कप छोड़ने की धमकी नहीं दी थी। सैंटोस ने हालांकि स्वीकार किया कि उनका स्टार खिलाड़ी इस फैसले से 'खुश नहीं' था। सैंटोस ने बताया कि रोनाल्डो को मैच से कुछ घंटे पहले मंगलवार को लंच के बाद एक निजी बैठक में इसकी जानकारी दे दी गयी थी।

रोनाल्डो के स्थानापन्न गोंकालो रामोस ने 6-1 की जीत में तीन गोल किए। पुर्तगाल के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले रोनाल्डो को मैच के 74वें मिनट में मैदान पर उतरने का मौका मिला सैंटोस ने मोरक्को के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच से पहले कहा, "क्रिस्टियानो स्पष्ट रूप से इसके बारे में बहुत खुश नहीं था। उसने मुझसे कहा कि क्या आपको वास्तव में लगता है कि यह एक अच्छा विचार है?"

सैंटोस ने कहा, "उन्होंने मुझे कभी नहीं बताया कि वह राष्ट्रीय टीम छोड़ना चाहते हैं।" उन्होंने इससे जुड़ी पुर्तगाल की मीडिया की रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा, "यह वैसा समय है जब हमें इस बातचीत और विवादों को बंद कर देना चाहिये।" कोच ने हालांकि यह नहीं बनाया कि रोनाल्डो टीम मोरक्को के लिए शुरुआती एकादश में होंगे या नहीं।

## पहले टी-20 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 9 विकेट से हराया

मुंबई, 9 दिसम्बर। ताहिला मैकठाग्राथ (40) और बेथ मूनी (89) के बीच शतकीय साझेदारी की मदद से आस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में शुक्रवार को भारत के खिलाफ नौ विकेट से आसान जीत दर्ज की। डा डीवाई पाटिल स्पोर्टस अकादमी मैदान पर भारत ने पहले खेलते हुये निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन बनाये जिसके जवाब में आस्ट्रेलिया ने विजय लक्ष्य 18.1 ओवर में हासिल कर लिया। भारत के साधारण गेंदबाजी आक्रमण ने आस्ट्रेलिया की बल्लेबाजों को तनिक भी परेशान नहीं किया। मूनी ने अपनी अर्धशतकीय पारी में 156 के स्ट्राइक रेट से 16 चौके लगाये जबकि दूसरे छोर पर मैकठाग्राथ ने 29 गेंदों में चार चौके और एक छक्का जमा कर जीत को और आसान कर दिया। आस्ट्रेलिया का एकमात्र विकेट देविका वैद्य को मिला। इससे पहले भारत की ओर से शैफाली वर्मा ने आक्रामक ढंग से पारी की शुरूआत की और मात्र दस गेंदों की पारी में दो चौके और दो छक्के की सहायता से 21 रन ठोक दिये।

## जयपुर पिंक पैंथर्स और गुजरात जायंट्स का मैच बराबरी पर छूटा

हैदराबाद, 9 दिसंबर। गुजरात जायंट्स के सोनू और डोंग गेओन ली ने आखिरी मिनटों में दमदार खेल दिखाते हुए प्रो कबड्डी लीग के मैच में शुक्रवार को जयपुर पिंक पैंथर्स के जबड़े से जीत छिन ली और मुकाबला 51-51 की बराबरी पर छूटा। सोनू ने मैच में 14 अंक जुटाये जबकि कप्तान ली ने 10 अंक का योगदान दिया। प्रतीक दाहिया ने भी टीम के लिए 12 अंक जुटाये।

## मुझे चुनौतियों का सामना करना पसंद है : हेली

मुबंई, 9 दिसम्बर। आस्ट्रेलिया महिला टीम की नियमित कप्तान मेग लैनिंग के स्थान पर भारत के खिलाफ हाई प्रोफाइल टी20 श्रृखंला का नेतृत्व कर रही अलाइसा हेली ने कहा कि उन्हे चुनौतियों का सामना करना पसंद है और वह टीम की कप्तानी के लिये पूरी तरह तैयार हैं।

हेली भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में आस्ट्रेलिया की सातवीं कप्तान होंगी जिन्हे पूर्णकालिक कप्तान मेग लेनिंग की जगह यह जिम्मेदारी दी गयी है। लेनिंग अनिश्चकालीन ब्रेक पर हैं और लगातार टीम का हिस्सा नहीं बन रही है।

रासेल हेंस के रिटायरमेंट के बाद हेली को हाल ही में टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया था और अब वह लेनिंग की गैर मौजूदगी में टीम की कप्तान होंगी। हेली ने कहा मुबंई में भारत के खिलाफ पहले टी20 मैच में खेलना दिलचस्प होगा। मैं सोचती हूं कि रेखाएं बहुत धुंधली हैं। इसमें थोड़ा बहुत है, लेकिन यह दिलचस्प है।

## ऑस्ट्रेलिया ने बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद वेस्टइंडीज के चार विकेट झटके

एडीलेड, 9 दिसंबर। ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन की बड़ी शतकीय पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 297 रन की साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां में सात विकेट पर 511 रन बनाने के बाद चार विकेट झटक कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

दिन रात्रि टेस्ट में स्टंप्स के समय तेजनारायण चंद्रपाल 47 और एंडरसन फिलिप एक रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। टीम ऑस्ट्रेलिया से 409 रन पीछे है और उस पर फालोऑन का खतरा मंडरा रहा है। लगभग एक साल पहले एशेज श्रृंखला में इसी मैदान पर पदार्पण करने वाले माइकल नासेर (20 रन पर दो विकेट) ने इस दौरानऑस्ट्रेलिया के दो बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखायी। उन्होंने क्रेग ब्रेथवेट और शामराह ब्रुक्स को पवेलियन भेजकर शानदार वापसी की।

ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने इस दौरान ऑफ स्टंप के बाहर कसी हुई गेंदबाजी की और इसका फायदा उन्हें लगातार अंतराल पर विकेट के साथ मिला। ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट पर 330 रन के साथ दिन की शुरुआत की और बीते दिन शतक पूरी करने वाले लाबुशेन और ट्रेविस हेड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी की। दोनों दिन के शुरुआती 21.1 ओवर में 98 रन जोड़े।

डेवोन थॉमस ने लाबुशेन को आउट कर चौथे विकेट के लिए हेड के साथ उनकी 297 रन की साझेदारी को तोड़ा। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट में चौथे विकेट के लिए यह तीसरी बड़ी साझेदारी है। लगातार तीसरा शतक लगाने वाले लाबुशेन ने 305 गेंद की पारी में 14 चौके जड़े। हेड 219 गेंद में 20 चौको की मदद से 175 रन बनाकर रन आउट हुए। कैमरून ग्रीन सिर्फ नौ रन बनाकर अलजारी जोशेफ (107 रन पर दो विकेट) की गेंद पर आउट हुए तो वही नासेर को ब्रेथवेट (35 रन पर एक विकेट ) ने चलता किया। कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने चाय से पहले ऑस्ट्रेलिया की पारी घोषित कर दी।

इसके बाद दूधिया रोशनी में गुलाबी गेंद से वेस्टइंडीज के बल्लेबाज सामंजस्य बैठाने में जूझते दिखे। सिर्फ चंद्रपॉल ही ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का दिलेरी से सामना कर सके। लाबुशेन ने पर्थ में पहले टेस्ट में 164 रन से मिली जीत में दोहरा शतक जड़ा था। उन्होंने अपने टेस्ट कैरियर के 3000 रन भी 51वीं पारी में पूरे कर लिये। डॉन ब्रेडमैन के बाद उन्होंने सबसे तेजी से यह आंकड़ा छुआ है। ब्रेडमैन ने 33 पारियों में 3000 रन पूरे किये थे।

## राजस्थान जूनियर बालक व बालिका शूटिंगबाल टीमें घोषित

जयपुर, 9 दिसम्बर। तेलंगाना मे 09 से 11 दिसम्बर को बालक व बालिका वर्गों मे होने जा रही 41 वी राष्ट्रीय जूनियर शूटिंगबाल चैम्पियनशिप मे भाग लेने वाली राजस्थान की चयनीत टीमो के खिलाडियों के नाम राज्यसंघ चयन समिति के चैयरमैन अल्ताफ हुसैन के अनुसार निम्न प्रकार है : बालक वर्ग मे मनीष,राघवेंद्र,सरवर खान, नवीन सिंह, शौरभ, आयुष सोनी, अभी शक्तावत, मनीष, सरफराज खान, साहिल, विशाल, प्रशिक्षक सोनू यादव व मैनेजर जगराम चौधरी। बालिका वर्ग - पायल कंवर, कृति खांडल, श्रेया जैन, मनीषा चौधरी, नीलम, मोनिका, पवन जांगू, तनु राठौड, प्रियंका, कनिष्का शर्मा व सुहाना। प्रशिक्षक चंचल व मैनेजर सोनू यादव। राज्यसंघ महासचिव दयानन्द उपाध्याय ने बताया की घोषित दोनों टीमों के खिलाडी तेलंगाना गंतव्य के लिये आज रवाना हो चुके है।

## मैं अपनी पावरहिटिंग पर काम कर रहा हूं : वाशिंगटन सुंदर

चटगांव, 9 दिसंबर। कलात्मक बल्लेबाजी करने वाले भारतीय हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए टीम की जरूरत के मुताबिक 'पावर हिटिंग (ताकत से शॉट लगाना)' में सुधार करने पर काम कर रहे है। बल्लेबाजी में अपनी 'टाइमिंग और प्लेसमेंट' के लिए जाने जाने वाले वाशिंगटन सुंदर ने कुछ तेज तर्रार पारियां खेली है। उन्होंने हाल ही में न्यूजीलैंड दौरे पर आक्रामक अर्धशतक लगाया था जबकि इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद के इस खिलाड़ी ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 14 गेंद में 40 रन की यादगार पारी खेली थी। बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय की पूर्व संध्या पर इस खिलाड़ी ने कहा, " पिछले कुछ वर्षो से मुझे ऐसी (तेजी से बल्लेबाजी) ही भूमिका मिल रही है। इसमें विशेष तरह की बल्लेबाजी की जरूरत होती है और मैं उसी के मुताबिक काम कर रहा हूं।"

सवामहस्त बल्लेबाज ने कहा, " उस क्रम पर बल्लेबाजी की जैसी जरूरत होती है। मैं उसी पर काम कर कर रहा हूं।" वाशिंगटन को इस बात की खुशी है कि उनकी मेहनत अब रंग ला रही है। उन्होंने कहा, "मुझे खुशी है कि पिछले कुछ महीनों में मुझे मेरी मेहनत का अच्छा परिणाम मिला। उम्मीद है कि मैं आने वाले समय में अच्छा प्रदर्शन करना जारी रखने में सफल रहूंगा। किसी भी क्रम या परिस्थितियों में प्रदर्शन कर सकूंगा।"

तमिलनाडु के इस खिलाड़ी ने कहा, " पिछला मैच मेरे लिए एक शानदार अवसर था। अगले साल विश्व कप को देखते हुए मैं ऐसा खिलाड़ी बनना चाहता हूं जो किसी भी स्थिति में, किसी भी प्रकार के संयोजन में, और जहां भी टीम की जरूरत हो, खेल सके। मैं उस तरीके का खिलाड़ी बनना चाहता हूं जिसे टीम जहां चाहे वहां इस्तेमाल कर सके।" श्रृंखला के शुरुआती दो मैचों में पांच विकेट लेने वाले इस हरफनमौला ने कहा, " मैं अपनी क्षमता में योगदान करने में सक्षम होना चाहता हूं, इस तरह से योगदान देना चाहता हूं कि टीम अधिकांश मैचों को जीत सके और आखिर में विश्व कप में सफल हो। मैं सिर्फ वर्तमान में रहना चाहता हूं।

## अबरार के वार से इंग्लैंड की पहली पारी 281 पर सिमटी

मुल्तान, 9 दिसम्बर। अबरार अहमद की पदार्पण टेस्ट में घातक फिरकी (114 पर सात विकेट) की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को यहां इंग्लैंड की पहली पारी को 281 रनों पर समेट दिया। मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम पर दिन का खेल खत्म होने के समय पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में दो विकेट खोकर 107 रन बना लिये थे। कप्तान बाबर आजम 61 रन और सउद शकील 32 रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। पदार्पण टेस्ट में एक पारी में सात विकेट चटकाने का कारनामा करने वाले अबरार पाकिस्तान के तीसरे खिलाड़ी बन चुके हैं। इससे पहले 1969 में कराची टेस्ट में मोहम्मर नजीर न्यूजीलैंड के खिलाफ 99 रन देकर सात विकेट चटकाये थे।